ont>

Title: Need to provide cell-one service of V.S.N.L. at Simri Bakhtiyarpur, Bihar.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (सहरसा) : उपाध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य के एस.एस.ए. सहरसा अन्तर्गत सहरसा जिला अत्यंत पिछड़ा हुआ है। सहरसा में स्थापित बी.एस.एन.एल. सेल-1 एक्सचेंज से सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल का क्षेत्र कवर नहीं होने से इन क्षेत्र के लोगों को सेल-1 की सुविधा नहीं मिल पा रही है।

सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल मुख्यालय के साथ-साथ यह व्यापारिक केन्द्र भी है। यहां कई औद्योगिक केन्द्र स्थापित हैं। यह राष्ट्रीय राजमार्ग - 107 से जुड़ा हुआ है।

अतः सरकार सिमरी बख्तियारपुर में बी.एस.एन.एल. सेल-1 के बेस स्टेशन और नेशनल हाईवे पर अवस्थित सोनवर्षाराज एवं बलवाहाट में सेल-1 हाईवे टावर स्थापित कर इन क्षेत्र के लोगों को भी सेल-1 की सुविधा उपलब्ध कराएं।